रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय
CONTROLLER GENERAL OF DEFENCE ACCOUNTS
उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी – 10
ULAN BATAR ROAD, PALAM, DELHI CANTT. - 110010
Phone: 011-25665500/55, 25665554
E-mail: admnix.cgda@nic.in
Web: www.cgda.nic.in

**सं.प्रशा/IX/9518/प्रतिनियुक्ति/विविध/2026** **दिनांक:02.01.2026**

**सेवा मे**

**सभी र.ले.प्र.नि./ प्र.ए.वि.स./ र.ले.नि./ए.वि.स./**
**प्रशा-IV(स्थानीय)**
**(CGDA Website के माध्यम से )**

**विषय: महानिदेशालय, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (स्थापना शाखा) मे टीम कमांडर (राजभाषा) के पद पर प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करने के संबंध मे |**

महानिदेशालय, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (स्थापना शाखा) , नई दिल्ली द्वारा प्रतिनियुक्ति के आधार पर टीम कमांडर (राजभाषा) की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं | सक्षम अधिकारी द्वारा उक्त पद पर चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है |

2. महानिदेशालय, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (स्थापना शाखा), नई दिल्ली के दिनांक 08.12.2025 का पत्र संख्या 2016/C9/e-146954/Estt-06/2025/HQ NSG/14155-14205 की प्रति जिसके अंतर्गत वेतनमान, भत्ते , पात्रता योग्यता, नियम व शर्तें उल्लेखित हैं, की प्रति संलगन की जा रही है |

3. सभी इच्छुक व पात्र कर्मचारी/अधिकारी जो वर्तमान स्टेशन पर तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं, उक्त परिपत्र मे उल्लेखित दस्तावेजों के साथ पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र इस मुख्यालय कार्यालय को 15.01.2026 तक प्रेषित करें |

4. अन्य नियम व शर्ते समय समय पर संशोधित किए गए DoPT के दिनांक 17.06.2010 के OM.No 6/8/2009-Estt (Pay-II) के प्रावधानों के अनुसार होगी |

5. आवेदन पत्र मुख्यालय कार्यालय को प्रेषित करते समय कृप्या सुनिश्चित करें की आवेदनकर्ता निर्धारित मापदंड पूरा करता हो व साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये कि यदि आवेदनकर्ता ने पूर्व मे किसी प्रतिनियुक्ति पद पर कार्य किया है तो उसने तीन वर्ष की अनिवार्य "कूलिंग ऑफ" अवधि पूर्ण कर ली हो | स्थानांतरणाधीन कर्मचारियों के आवेदन अग्रेषित न किए जाएँ|

6. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र व अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा |

संलग्न : उपरोक्त

**(के.पी.सिंह)**
**वरि. लेखा अधिकारी (प्रशासन)**

No.2016/09/e.148954/Estt-06/2025/HQ NSG/ 14155-14205

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
महानिदेशालय, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद
(स्थापना शाखा)

मेहरमनगर, पालम,
नई दिल्ली- 110 037

दिनांक ....08 दिसम्बर, 2025

## परिपत्र

राष्ट्रीय सुरक्षा गारद में टीम कमांडर (राजभाषा) के **वेतन बैंड – 3 रू0 15600–39100 रू0 धन ग्रेड वेतन 5400** के रिक्त पद को निम्नलिखित विवरण, पद की पात्रता, शर्तों और वेतन तथा अन्य भत्ते/लाभ के अनुसार प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने की प्रक्रिया आरंभ की जा रही है । पद का विवरण, पद की पात्रता, शर्तें और वेतन भत्ता अन्य भत्ते/लाभ निम्नानुसार है:-

**(क) पद का विवरण:-**

**i)** पद का नाम - टीम कमांडर (राजभाषा)

**ii)** वर्गीकरण - सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह "क" राजपत्रित

**(iii)** वेतनमान - **वेतन बैंड – 3, रू0 15600–39100, धन ग्रेड वेतन 5400 रू0**

**(iv)** भत्ते - (i) संशोधित वेतन का 40 प्रतिशत की दर से विशेष सुरक्षा भत्ता/एन.एस.जी. भत्ता
(ii) केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को समय-समय पर देय अन्य भत्ते
(iii) सामान्य पूल आवास अथवा सरकार द्वारा समय-समय पर जारी सामान्य आदेशों के तहत स्वीकार्य मकान किराया भत्ता।

**(ख) पात्रता योग्यता:-**

केन्द्र सरकार के अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति पर जो –

क **i)** नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या

**ii)** **वेतन बैंड – 2, 9300–34800 रू0, धन ग्रेड वेतन 4200 रू0** या समकक्ष पदों पर आठ वर्ष की नियमित सेवा हो।

ख निम्नलिखित योग्यता और अनुभव धारित हो;

**(i)** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समतुल्य से हिन्दी में मास्टर **डिग्री हो तथा डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में हो या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविधालय या समतुल्य से अंग्रेजी में मास्टर डिग्री तथा डिग्री स्तर हिन्दी एक विषय के रूप में हो या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविधालय या समतुल्य से किसी भी विषय में मास्टर डिग्री हो तथा डिग्री स्तर तक अंग्रेजी एवं**

लगातार पेज–2/–

हिन्दी में से एक विषय के रूप में हो या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविधालय या समतुल्य से किसी भी विषय में हिन्दी माध्यम से मास्टर डिग्री हो तथा डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में हो या किसी मान्यता प्राप्त मान्यताप्राप्त विश्वविधालय या समतुल्य से किसी भी विषय में अंग्रेजी माध्यम के साथ मास्टर डिग्री की हो तथा डिग्री स्तर पर हिन्दी एक विषय के रूप में हो

(ii) हिन्दी परिभाषिक शब्दावली कार्य तथा, अथवा अंग्रेजी से हिन्दी और विलोमतः, अधिमानतः तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य के अनुवाद कार्य का पांच वर्ष का अनुभव हो।

(iii) SHAPE-1 श्रेणी में चिकित्सीय रूप से फिट होना चाहिए।

**प्रतिनियुक्ति की अवधिः-**

प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केन्द्र सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल करते हुए, सामान्यतः 05 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को, 54 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

2. **अतः आपसे अनुरोध है कि आपके विभाग के इच्छुक और पात्र अधिकारी का नामांकन** निर्धारित प्रपत्र (प्रतिलिपि संलग्न) में सेवा विवरण के साथ, अनुशासन/सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र तथा **अंतिम** पांच वर्षों के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एसीआर/एपीएआर) ग्रेडिंग, **कृपया अतिशीघ्र भेजने का श्रम करें ।**

संलग्नक – 01 पृष्ठ

अंशुमान 3/12/25

**(अंशुमान सिंह)**
स्क्वाड्रन कमाण्डर (स्थापना)
कृते ग्रुप कमांडर (स्थापना)
टेली/फैक्स- 011 25671637
ई-मेल- gc.estt@nsg.gov.in

**वितरणः**

1. भारत सरकार के सभी केन्द्रीय मंत्रालय/विभाग।
2. सभी राज्य सरकार/सभी राज्य सरकारों के राजभाषा विभाग।
3. सभी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल/असम राइफल्स।
4. राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, जय सिंह रोड, नई दिल्ली।
5. केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, पंडित दीन दयाल अंत्योदय भवन, 8वां तल, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, लोधी रोड नई दिल्ली-110003
6. नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय (राजभाषा विभाग), पॉकेट-9, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-124

# राष्ट्रीय सुरक्षा गारद में टीम कमांडर (राजभाषा) के पद हेतु आवेदन

1 नाम एवं पता :

2 जन्म तिथि (अंग्रेजी माह व वर्ष के अनुसार) :

3 केन्द्र/राज्य सरकार के नियमानुसार सेवानिवृत्ति की तिथि :

4 शैक्षणिक योग्यता :

5 क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक व अन्य योग्यताओं की पूर्ति हो रही है। यदि किसी योग्यता की नियम में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना जा रहा हो तो इसके लिए प्राधिकार का ब्यौरा दें। :

6 कृपया बताएं कि आपके द्वारा उपर्युक्त प्रविष्टियों के आलोक में, क्या आप पद की अर्हता की पूर्ति करते हैं? :

7 रोजगार नियुक्तियों का वर्षवार ब्यौरा। यदि नीचे दिया गया स्थान कम पड़े तो स्वहस्ताक्षरित पृथक पृष्ठ जोड़े :

| 8 | कार्यालय/स्थापना/संगठन | धारित पद | से | तक | वेतनमान और मूल वेतन | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

9 वर्तमान नियुक्ति की प्रकृति अर्थात तदर्थ अथवा अस्थायी या अर्ध-स्थायी अथवा स्थायी :

10 यदि वर्तमान नियुक्ति के प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर होने की स्थिति में, कृपया बताएं- :

(क) आरंभिक नियुक्ति की तारीख :

(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा नियुक्ति की अवधि :

(ग) आपके पैतृक कार्यालय/संगठन का नाम :